सार-समाचार

महू व कैमरी में निकली तिरंगा यात्रा

हिण्डौन सिटी, (निसं)। आज़ादी का अमृत महोत्सव एवंहर घर तिरंगाअभियान के तहत बुधवार को महू और कैमरी में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं, जिनमें देशभक्ति का जोश और एकता का संदेश पूरे उत्साह के साथ गूंजा। महू में भाजपा मंडल अध्यक्ष सतवीर सिंह तिघरिया की अध्यक्षता एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के आतिथ्य में करीब दो किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। कल्याण पटवारी की बगीची से शुरू हुई यात्रा मुख्य बाजार, बालाजी मंदिर होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीण युवाओं और छात्र-छात्राओं के हाथों में 51 मीटर लंबा तिरंगा ध्वज लहराया। यात्रा में राष्ट्रीय गीत और भारत माता के जयकारों से माहौल गूंज उठा। मुख्य अतिथि गोवर्धन सिंह जादौन नेहर घर तिरंगाअभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आ ान किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी अमरसिंह, जिला प्रवक्ता सतपाल डागुर, गजानंद शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य जगदीश मूंडरी, जिला मंत्री जगपाल सिंह, मंडल महामंत्री लाडम सोलंकी, उपाध्यक्ष रामकिशोर मीणा, रामोतार बांसरे, मंडल मंत्री संजय गुर्जर, दिनेश सोनी, मंडल कोषाध्यक्ष जयपाल राजपूत सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, नादौती के जगदीश धाम कैमरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र हरसाना ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देशप्रेम की भावना पर जोर दिया, जबकि आयुर्वेद औषधालय प्रभारी डॉ. जितेन्द्र खटाना ने शहीदों के बलिदान को याद करने का आव्हान किया। यह यात्रा जनकपुर, शहीद ओमप्रकाश राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और जगदीश मंदिर चौक होते हुए पुनः स्वास्थ्य केन्द्र पर समाप्त हुई। हाथों में तिरंगा लिए स्कूली छात्र, चिकित्साकर्मी और ग्रामीण भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाते आगे बढ़ते रहे।

महुवा टीम रही विजेता

महुवा, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर महवा टीम नाइस क्रिकेट क्लब एकादश और भोपर जूनियर टीम एकादश के बीच टीकाराम पालीवाल स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट मैच खेला गया।निर्धारित 12 ओवर के इस मैच मे भोपर जूनियर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और भोपर जूनियर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 9.3ओवर मे 10 विकेट खोकर 67 रन का लक्ष्य दिया। महवा टीम नाइस क्रिकेट क्लब ने 7.3 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका वार्ड पार्षद गुलशन साहू ने कहा कि यह मैच हिंदू मुस्लिम सद्भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। वही आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता आबिद कुरैशी ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से लोग जुड़ते हैं,एक दूसरे की संस्कृति और परंपराओं को समझते हैं और आपसी सम्मान सहिष्णुता विकसित करते है। मुख्य अथिति गुलशन साहू, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ मदरसा संचालक रहमत खान व बजरंग दल के जिला संयोजक खेमचंद किवाड़िया के द्वारा विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी सहित इनाम राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द मैच रहे नाइस कुरैशी को भी अतिथियों के द्वारा मैडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान, जावेद कुरैशी,चाँद कुरैशी, तारिफ कुरैशी,अरशद कुरैशी, विश्राम मीणा, धीरज शर्मा, रोहन महुआ, मोटू महवा, हेमेंद्र शर्मा, सद्दाम खांन, विकास योगी, सुरेंद्र मीणा, अकरम कुरैशी, क़ासिम कुरैशी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

मंत्रालयिक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

करौली, (निसं)। राजस्थान के करौली में पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री समेत कई अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा।पंचायती राज संस्थाओं में कार्यरत 16 हजार मंत्रालयिक कर्मचारी लंबे समय से कैडर रिव्यू और स्वतंत्र जॉब चार्ट की मांग कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष पीयूष कुमार दत्तात्रेय के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।संगठन का आरोप है कि प्रतिद्वंद्वी संगठन के इशारे पर कर्मचारियों को नियम विरुद्ध तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी, जिन पर पहले भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, उन्हें बार-बार पुरानी भर्तियों की जांच की जिम्मेदारी दी जा रही है। इस भर्ती की तीन बार जांच हो चुकी है और शिकायतें निराधार पाई गई हैं।कर्मचारियों ने जनवरी 2025 में जयपुर में मंत्री का स्वागत किया था और चूरू में रक्तदान शिविर भी लगाया। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। संगठन ने पंचायती राज संस्थाओं में कैडर पुनर्गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू करने और पुरानी भर्तियों की जांच के आदेश वापस लेने की मांग की है।पंचायत स्तर पर ग्राम सेवक और कनिष्ठ सहायकों के अधिकार समान करते हुए जॉब चार्ट स्पष्ट करने की भी ज्ञापन में मांग की गई है। इस दौरान माघवेन्द्र मेहरा, विवेक शर्मा, चेतराम सहित अन्य मौजूद रहे।

रैली से वातावरण हुआ राष्ट्रमय

गंगापुर सिटी, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को कई संगठनों ने तिरंगा यात्रा निकाली। स्कूल शिक्षा परिवार के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में निजी स्कूलों के छात्र और स्टाफ ने हिस्सा लिया। छात्र रंग-बिरंगे परिधानों में तिरंगे और बैनर लेकर चले। भाजपा वजीरपुर मंडल की तिरंगा यात्रा विश्वकर्मा मॉल से शुरू हुई। यह यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए विभिन्न मोहल्लों से गुजरी। मंडल अध्यक्ष चतुर्भुज गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर मुख्य अतिथि रहे। मानसिंह गुर्जर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड भारतीय देश का मस्तक ऊंचा करेंगे। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भी तिरंगा यात्रा निकली। प्रिंसिपल ओमप्रकाश बैरवा ने तिरंगे को भारत की आन-बान-शान बताया। व्याख्याता कर्णफूल मीना ने छात्रों को नशामुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इसी प्रकार पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर से शहर के अग्रीम संगठनो एंव भाजपा के द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें शहर के सभी व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनो के लोगो के साथ ही स्कूल के बच्चो ने भाग लिया। रैली में सभी हाथो में तिरंगा झण्डा लेकर चल रहे थे। वहीं रैली के स्वागत में शहरवासियो ने पलक पावडे बिछा दिए। लोगो ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर रैली का भव्यता के साथ स्वागत किया। इस दौरान रैली का अग्रवाल शिक्षण संस्थान,भारत विकास परिषद, व्यापार मण्डल, अग्रवाल समाज, अभिभाषक संघ गंगापुर सिटी सहित सभी संगठनो ने पुष्प वर्षा कर रैली का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जयकारो से आसमान गुंजयमान हो गया। शहर का सम्पूर्ण महौल राष्ट्र प्रेम में घुल गया।

कलक्टर ने सुनी परिवादियों की समस्याएं

करौली, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में मंगलवार को मासलपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गुबरेडा में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने वर्षा के मौसम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप हरियालों राजस्थान के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में मौजूद सदस्यों के बराबर पेड़ लगाये और 3-4 वर्ष तक उनका संरक्षण करें।जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान खुले में शौच कर गंदगी नहीं फैलाने, हरे वृक्षों की अवैध कटाई, इंटरलोकिंग एवं साफ सफाई करवाने, खाद्य सुरक्षा सूची में दुर्भावना पूर्वक पृथक किये गये नाम को वापस जुडवाने, राजस्व, श्रम, चिकित्सा, विद्युत, पंचायती राज सहित विभिन्न विभागों के कुल 27 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए।

ओमप्रकाश भडाणा आज करौली दौरे पर

करौली, (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा आज गुरूवार 14 अगस्त को करौली दौरे पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि आज बुधवार को प्रातः 9:00 बजे राजकीय देवनारायण बालिका करौली, प्रातः 11:00 बजे राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय गुडला, राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय अंधपुरा सकरघटा की जांच करेंगे।

ग्रामीणों ने अघोषित बिजली कटौती को लेकर किया प्रदर्शन

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। कस्बा सहित आसपास के गांवों में कई दिनों से हो रही बिजली की अघोषित कटौती, बिजली अव्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार को रुदावल जीएसएस पर पहुंचकर डिस्कॉम अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत भी मौके पर पहुंची और डिस्कॉम के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए।

विधायक ने जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर सीएम व ऊर्जा मंत्री से शिकायत करने की चेतावनी दी। जिस पर कार्यवाहक एक्सईएन मीणा व एईएन जनक मीणा ने जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से बिजली व्यवस्था बदहाल है, अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। फाल्ट होने पर कई घंटों के लिए बिजली गुल हो जाती है। डिस्कॉम कर्मचारी समय पर फाल्ट को ठीक करने के लिए नहीं जाते है। कई घंटे बाद कर्मचारी फाल्ट की जांच करने के लिए जाते है। जिससे फाल्ट ठीक होने व बिजली आपूर्ति करने में 15-20 घंटे तक हो जाते है। बिजली कटौती होने के कारण गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के समय एवं रात्रि को अघोषित बिजली कटौती होने से विद्यार्थियों को पढाई में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती के कारण पीने के पानी की समस्या भी पैदा हो जाती है।

गांवों में बिजली पोल टूट जाने पर विद्युत विभाग तुरन्त प्रभाव से ध्यान नही देता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली कटौती का जल्द समाधान नहीं किया गया तो रुदावल क्षेत्र के लोगों को उठा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, गुर्जर नेता भूरा भगत, प्रीतम सूपा, अर्जुन पहलवान, सरपंच विनीत कुमार, मनोज शुक्ला, हंसा बरौदा, सोहनलाल उपाध्याय, जीतू मदेरणा, अजीत सिंह, नीरज बंसल, लोकेंद्र, डोडी पहलवान, दिलीप, पुष्पेंद्र, बच्चूसिंह आदि मौजूद रहे।

अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीणों ने जीएसएस पर प्रदर्शन किया।

जागरूकता शिविर का आयोजन

करौली-13 अगस्त (निंसं.) जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सपोटरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि हर साल 12 अगस्त को मनाया जाने वाला अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस, दुनिया भर के युवाओं के अधिकारों, योगदान और चुनौतियों पर ध्यान केन्द्रित करता है इस वर्ष की थीम है 'एसडीजी और उससे आगे के लिए स्थानीय युवा कार्रवाई' यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि सतत विकास लक्ष्यों ;क्ळेद्ध को हासिल करने और एक न्यायपूर्ण समाज बनाने में ज़मीनी स्तर पर युवाओं की सक्रिय भागेदारी बेहद आवश्यक है 'युवजन, साहसी नवप्रवर्तक हैं, जो संगठित और सहन क्षमता से काम करते हुए सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वे न केवल सतत विकास को गति दे रहे हैं, बल्कि समावेशी समाज का निर्माण कर रहे हैं, शान्ति स्थापित कर रहे हैं और एक न्यायपूर्ण एवं हरित भविष्य की माँग कर रहे हैं हर युवा की आवाज़, हर युवा के विचार और हर युवा का नेतृत्व बेहद महत्वपूर्ण है। आइए, हम मिलकर युवजन द्वारा सुझाए गए समाधानों का समर्थन करें और ज़मीनी स्तर से एक न्यायपूर्ण, शान्तिपूर्ण एवं टिकाऊ विश्व का निर्माण करें। आज की युवा पीढ़ी अभूतपूर्व वैश्विक बदलाव के दौर से गुज़र रही है। संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों के अनुसार, दुनिया की आधी आबादी 30 वर्ष या उससे कम आयु की है, और 2030 तक यह संख्या बढ़कर 57 प्रतिशत हो जाएगी। 2050 तक, 25 वर्ष से कम आयु के युवा, विश्व के कार्यबल का 90 प्रतिशत हिस्सा होंगे। 26 देशों के 27,000 से अधिक लोगों पर किए गए एक वैश्विक सर्वेक्षण में पाया गया कि 67 प्रतिशत लोग बेहतर भविष्य में विश्वास करते हैं, जिनमें 15 से 17 वर्ष के किशोर सबसे अधिक आशावादी हैं। हालाँकि, अपार सम्भावनाओं के बावजूद, युवाओं को आज भी कई संरचनात्मक एवं प्रणालीगत चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर युवाओं में बेरोज़गारी 15 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर है, लेकिन इसके बावजूद यह दर अभी भी 13 प्रतिशत बनी हुई है। 10 से 19 वर्ष के किशोरों में हर सात में से एक मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित है, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में लगभग 10 साल के 10 में से 6 बच्चे एक साधारण अनुच्छेद को पढ़ने और समझने में सक्षम नहीं हैं अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस 2025 का उद्देश्य केवल इन चुनौतियों को उजागर करना ही नहीं, बल्कि उन समाधानों को भी प्रस्तुत करना है।

शिविर में 62 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

गंगापुर सिटी, (निसं)। कलेक्टर के निर्देश पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शिविर फव्वारा चौक पावर हाउस में आयोजित किया गया। शिविर में 62 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 5 लोगों की फाइलें जमा हुईं।

बिजली निगम के अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर और सहायक अभियंता राकेश वर्मा ने मौके पर आवेदकों के फॉर्म भरवाए। विभिन्न बैंकों ने ऋण के लिए फाइलें स्वीकार कीं। शिविर में लोड बढाने और डिमांड राशि का भुगतान भी मौके पर किया गया। एडीएम रामकिशोर मीणा ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

खांसी-जुकाम के मरीजों की बढ़ी संख्या

करौली, (निसं)। जिले में मौसम साफ होते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ने लगा है। जिले के अस्पतालों में खांसी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष तक मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। बढ़ती भीड़ के चलते कई बार मरीजों को अपनी बारी आने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हॉस्पिटल डिप्टी कंट्रोलर भुवनेश बंसल ने बताया कि इन दिनों अस्पताल में आने वाले अधिकतर मरीज खांसी-जुकाम, बुखार और मौसमी बीमारियों से पीड़ित हैं।

किसान मार्चा ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

भरतपुर, (निसं)। राज्यव्यापी अभियान के तहत भरतपुर कलैक्ट्रैट पर संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार द्वारा बिजली का निजीकरण करने, स्मार्ट मीटर लगाने का जोरदार विरोध करते हुए क्षेत्रीय जलभराव की निकासी में प्रशासन की नाकामयाबी के लिए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

जिसमें अखिल भारतीय किसान सभा और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में हिस्सा लिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कामरेड नत्थीलाल महामंत्री ने सम्बोधित करते हुए बताया कि जल भराव की स्थिति को लेकर पिछले एक साल से पानी के निकास की मांग करते आ रहे हैं और प्रशासन ने तकमीली कार्यवाही के अलावा अभी तक कोई पुख्ता इन्तजाम नहीं किये हैं जबकि दोबारा बारिस का रिपीटेशन होने से हजारों एकड रकबा में पुनः जलभराव के हालात बढते जा रहे हैं। सरकार द्वारा बिजली के निजीकरण करने एवं स्मार्ट मीटर लगाने का सख्त विरोध किया और बताया कि इससे आम जनता की भारी लूट होगी जिसे रोका जाना नितान्त आवश्यक है। अन्त में बिजली के निजीकरण और जलभराव व स्मार्ट मीटर को रोकने के लिए एवं जलभराव की निकासी के लिए शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो विवश होकर आन्दोलन के लिए मजबूर होना पडेगा।

इस दौरान गिर्राज सिंह जघीना अध्यक्ष, रम्मो सिंह उपाध्यक्ष, भगवान सिंह पीरनगर तहसील अध्यक्ष, राजाकिशन शर्मा, टीकम सिंह गुर्जर गांवडी, राधेश्याम भवनपुरा, कैलाशी जघीना, दौलतसिंह गुर्जर, शिब्बा पंडित नौगाया, महावीर प्रसाद शर्मा खोंकर, मोहन सिंह गांवडी, अनिल शर्मा पीरनगर, गोपी सिंह गुर्जर घसौला, मोहन सिंह गुर्जर, ईश्वर सिंह बछामदी, लेखराज जघीना, मोहन सिंह केप्टेन बछामदीय सहित अनेकों लोगों ने नेतृत्व किया।

काव्य गोष्ठी का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। असवर था साहित्य दर्पण संस्था की काव्य गोष्ठी का। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष वरिष्ठ कवि श्याम सिंह जघीना मधुर ने बताया कि ओज कवि सोमदत्त व्यास के मुख्य आतिथ्य, जगवीर सिंह ठेकेदार की अध्यक्षता एवं कामरेड नत्थीलाल शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।मां वाणी के चित्र पर अतिथियों द्वारा किए गए दीप प्रज्ज्वलन एवं गाजियाबाद से पधारी कवयित्री मीनाक्षी ठाकुर द्वारा की गई सरस्वती वंदना से गोष्ठी का आगाज हुआ।

कवि नेकराम नेक ने सांसों का सिलसिला है इंसान की जिंदगी कविता से मानव जीवन की नश्वरता को बताया, ओज कवि डॉ कृष्ण कन्हैया ने बलिदानी पथ पर चला गया जो जान अपनी देकर गीत के माध्यम से चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि ओमप्रकाश कुंतल ने कुंडली छंद से जीवन की निस्सारता समझाई। युवा कवि गोविंद डागुर ने हम कहां थे कहां से कहां आ गए छोड़कर गांव गालियां मकां आ गए से गांव छोड़कर आने की टीस को गाया।संचालन कर रहे कवि नरेंद्र निर्मल ने बना लूं सात सागर में भरे इस नीर को स्याही न फिर भी लिख सकेगी लेखनी की कहानी को के द्वारा मां की महत्ता का बखान किया।

ओज कवि पूरन शर्मा ने सत्कर्मों की पूजा होती सत्कर्मों का वंदन है,जो गुलशन को महकाता है उसका ही अभिनंदन है गीत पढ़ा तो वहीं पैरोडीकार लक्ष्मण चौधरी ने मां की खातिर सब कुछ छोड़ा मात-पिता से नाता तोड़ा गीत पढ़कर शहीदों को नमन किया। श्याम सिंह जघीना मधुर ने दफ्तरों में आज जिंदगी गुजरी है फाइलों में,बस,रेल टेंपुओं में बंट गई है।

'तिरंगा यात्रा देश भक्ति की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम'

भरतपुर, (निसं)। राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर एवं प्रदेष नेतृत्व के निर्देष पर जन-जन में देष भक्ति का जजवा पैदा करने एवं ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद सेना के जोष और जुनून को प्रबल करने के लिए भरतपुर में विषाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की श्रृंखला में देश भक्ति की भावना को सषक्त और मजबूत करने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में भरतपुर में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व सांसद रामचरन बोहरा रहे।

यह तिरंगा यात्रा जन सहयोग के माध्यम से निकाली गयी जिसमें विभिन्न संगठनों विभिन्न संस्थाओं के लोग शामिल हुए। विषाल तिरंगा यात्रा की शुरुआत ट्रैफिक चौराहे से हुई जिसे मुख्य अतिथि रामचरन बोहरा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा बिजली घर होते हुए मुख्य बाजार से गुजरी जिसका व्यापारियों द्वारा जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात् यह यात्रा मथुरा गेट, चौबुर्जा बाजार, गंगा मन्दिर होते हुए लक्ष्मण मन्दिर पहुँची वहाँ जन सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् यात्रा कोतवाली होते हुए कुम्हेर गेट पर जाकर सम्पन्न हुई। यात्रा का बिजली घर पर व्यापारियों द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। मथुरा गेट पर सन्तोश खण्डेलवाल के नेतृतव में व्यापारियों द्वारा तहे दिल से स्वागत एवं सतकार किया गया। चौबुर्जा पर बन्टू भाई फैषन के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा पर फूल बरसाये गये। सर्राफा बाजार में भाजपा मुखर्जी मण्डल द्वारा फूल बिखेर कर स्वागत किया गया। लक्ष्मण मन्दिर पर कर्मचारी संघ द्वारा यात्रा पर फूलों की वर्शात की गयी। यात्रा में आगे- आगे देष भक्ति के जोषीले गाने बजते जा रहे थे। उन पर यात्रा में शामिल देश भक्त मदमस्त होकर झूमते जा रहे थे। सम्पूर्ण बाजार ससम्मान तिरंगामय प्रतीत हो रहा था। तिरंगा यात्रा का माहौल देश भक्ति के रंग में रंगा नजर आया जिसमें देश भक्ति के जोषीले नारे लगाये जा रहे थे। तिरंगा यात्रा में विभिन्न जाति, धर्म, समुदाय, मजहब और विभिन्न संस्थाओं के नागरिक देष भक्ति की भावना के साथ जोषीले नारों से गुंजायमान करते हुए जा रहे थे जिसमें सीमा प्रहरी संस्था भरतपुर ने कर्नल ओमवीर सिंह के नेतृत्व में भाग लिया, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने कृशण मुरारी बंसल के नेतृत्व में, भारतीय स्कॉउड एवं गाईड भरतपुर ने देवेन्द्र कुमार मीणा के नेतृत्व में, एन.सी.सी. कैडेटस ने पी.एल. मीणा के नेतृत्व में, भाजपा किसान मोर्चा ने गौरव सरपंच के नेतृत्व में, महिला शक्ति ने अन्नू फौजदार के नेतृत्व में बढ़ चढ़कर भाग लिया। याकुब खान के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा ने,सेवर प्रधान प्रतिनिधी राजू ठेकेदार के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों से आये सैकड़ों की संख्या में नागरिक यात्रा में चल रहे थे। तिरंगा यात्रा एक किलोमीटर से भी अधिक लम्बाई में चल रही थी जिसमें सबसे आगे महिला शक्ति स्कूटियों से, उसके बाद सैन्य शक्ति बाईकों से तत्पश्चात् गाड़ियों का काफिला चल रहा था।

यात्रा के अन्त में सैकड़ों की संख्या में टैक्टरों में ग्रामीण क्षेत्रों से आये किसान मजदूर उत्साह के साथ आँखों में चमक लिये चल रहे थे।लक्ष्मण मन्दिर पर सभा को मुख्य अतिथि रामचरन बोहरा ने संबोधित किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा ये तिरंगा यात्रा देश व्यापी अभियान है, तिरंगा भारत की आत्मा है, तिरंगा भारत की आन-बान-शान है। यह तिरंगा यात्रा स्वतन्त्रता सैनानियों के बलिदान को याद करने और नयी पीढ़ी में देश भक्ति का भाव पैदा करने के उद्देष्य से निकाली गयी है।

भरतपुर में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली।

सार-समाचार

कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह

गंगापुर सिटी, (निसं)। लायंस क्लब गंगापुर सिटी द्वारा भगवती पैलेस में 2025-26 की नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रांत पाल एमजेएफ लायन सुधीर बाजपेई, दायित्व ग्रहण अधिकारी लाइन अंजना जैन, विशिष्ट अतिथि प्रांत पाल प्रथम लायन आशुतोष वशिष्ठ, सभापति लायन शिवरतन अग्रवाल, रीजन चेयरमैन विवेक मीना एडवोकेट, एरिया लीडर दिनेश सिंघल, जॉन अध्यक्ष निर्मल शर्मा थे। शपथ ग्रहण अधिकारी लाइन अंजना जैन ने अध्यक्ष मुकेश लोहे वाले, सेक्रेटरी प्रोफेसर धीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, एलसीएफ कोऑर्डिनेटर विजय मुकुट आई केयर, लायन टेर्म सुनील अगरबत्ती, टेल ट्विस्टर ऋषि उपाध्याय सहित सभी पदाधिकारी को अपने कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर गंगापुर सिटी की सभी सामाजिक संस्थाओं से पधारे हुए अतिथिगण मौजूद थे। अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने सभी को विश्वास दिलाया कि यह वर्ष लायंस क्लब के लिए शानदार समाज सेवा के कार्य करने के लिए जाना जाएगा सभी सदस्यों ने अध्यक्ष सेक्रेटरी और कोषाध्यक्ष को फूल मालाओं से भव्य तरीके से स्वागत किया। मीडिया प्रभारी विजय मुकुट आई केयर ने बताया कि इस अवसर पर कैलाश मंगलम, दीनदयाल गुप्ता, सुनील अगरबत्ती, राजेंद्र अकाउंटेंट, राजू बी आर, राधेश्याम विजयवर्गीय, सुरेंद्र विजयवर्गीय, विजय ठाकुरिया, सतीश गुप्ता, डॉक्टर विजेंद्र गुर्जर, कृष्ण गुप्ता, अलका खंडेलवाल, दीपिका सिंघल, रकंबई गुर्जर, मंजू मंगलम, लक्ष्मी गुप्ता, ज्योति उपाध्याय, लता गुप्ता, ललितेश गुप्ता, ज्ञान खंडेलवाल आदि सदस्य मौजूद थे।

कुएं में युवक का शव मिला

गंगापुर सिटी, (निसं)। बुधवार सुबह राजकीय पीजी कॉलेज के सामने स्थित खुले कुएं में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान सपेरा समुदाय के लालू नाथ (44) के रूप में हुई। लालू 11 अगस्त से लापता था। वह गंगापुर सिटी का रहने वाला था। उदेई मोड थाना पुलिस ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह हादसा है, आत्महत्या है या कोई साजिश है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के रिश्तेदार राधेश्याम सपेरा ने एक गंभीर खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस खुले कुएं में पहले भी दो लोगों की मौत हो चुकी है। कई बार जानवर भी इसमें गिर चुके हैं। उन्होंने प्रशासन से कुएं को ढकने की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय लोग प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं।

तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक संपन्न

करौली, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा करौली की बैठक कनक पैलेस में संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला ने की इस दौरान जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के विचार विमर्श किया।उन्होने बताया कि वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी तय गई।अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को लाकर प्रोठाग्राम को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया।

151 कन्याओं को कराया भोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। श्री श्याम परिवार सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित श्री श्याम गौशाला डूंगरी वाले बालाजी की स्थापना के 9 वर्ष पूरे होने पर गौशाला पर रामचरितमानस पाठ एवं 151 कन्या भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गौशाला को सजा कर वहां रह रही गायो का श्रृंगार कर अच्छी तरह से सजाया गया। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा पंडित लोकेश शास्त्री के सानिध्य में विशेष मंत्र उच्चार के साथ हवन एवं गौ पूजन किया गया और गौ माता की आरती के बाद कन्या पूजन के साथ ही कन्या भोजन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसमें हलवा पुरी की प्रसादी पंगत में बिठाकर खिलाई गई। सभी कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार दिए गए।

पश्चिम मध्य रेल

सिग्नल एवं दूर संचार विभाग

निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं. इंजी.(सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यों Tender No. KOTA / SNT/TELE/2025/08 के लिये निर्धारित ई-निविदाएं आमंत्रित